उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
तुलसी गंगा काम्पलेक्स, 19–सी, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पीएसी के पदों पर सीधी भर्ती–2018 का चयन परिणाम

संख्याः पीआरपीबी–एक–1(131)/2018 दिनांकः फरवरी 18 ,2019

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पीएसी के पदों पर सीधी भर्ती–2018 के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा सूचना/विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–1(112)/2017 दिनांक 14–01–2018 प्रकाशित करते हुये पुलिस आरक्षी के 23,520 तथा आरक्षी पी0ए0सी0 के 18,000 कुल 41,520 पदों पर भर्ती हेतु आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

2– इस चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत कुल 22,76,184 अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त हुये। उक्त भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत दिनांक18–06–2018, 19–06–2018, 25–10–2018 एवं 26–10–2018 को लिखित परीक्षा आयोजित की गयी। उक्त लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों का प्रासामान्यीकरण (Normalization) करते हुये प्रासामान्यीकृत अंक (Normalized score) के आधार पर श्रेष्ठता सूची तैयार कर विज्ञप्ति दिनांकित–14–01–2018 के प्रस्तर 4.2 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार अभ्यर्थियों को अभिलेखो की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा हेतु दिनांक–06–12–2018 से दिनांक–14–02–2019 तक विभिन्न तिथियों में बुलाया गया। अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों की दिनांक 07–12–2018 से 15–02–2019 तक विभिन्न तिथियों में अर्हकारी प्रवृत्ति की शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की गयी।

3– उक्त लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा में प्राप्त प्रासामान्यीकृत अंक (Normalized score) के श्रेष्ठताक्रम के आधार पर आरक्षण नीति के सुसंगत प्राविधानों एवं मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा सम्प्रति उ0प्र0 राज्य बनाम राजीव कुमार विशेष अनुमति याचिका (सिविल) संख्या–32344/2010 में प्रतिपादित सिद्धान्त के आलोक में, विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाईट पर प्रदर्शित की जा रही है। आरक्षी नागरिक पुलिस व आरक्षी पी0ए0सी0 के पदो पर श्रेणीवार चयनित अभ्यर्थियों का विवरण निम्नवत् हैः–

आरक्षी नागरिक पुलिस–

श्रेणी	लम्बवत आरक्षण	क्षैतिज आरक्षण चयनित अभ्यर्थी			
	चयनित अभ्यर्थी	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	भूतपूर्व सैनिक	होमगार्ड	महिला
अनारक्षित	11761	107	328	75	2352
अन्य पिछडा वर्ग	6350	134	320	247	1270
अनुसूचित वर्ग	4939	28	28	83	987
अनुसूचितजन जाति	470	01	01	04	94
कुल योग–	**23520**	**270**	**677**	**409**	**4703**

आरक्षी पी0ए0सी0–

श्रेणी	लम्बवत आरक्षण	क्षैतिज आरक्षण चयनित अभ्यर्थी		
	चयनित अभ्यर्थी	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	भूतपूर्व सैनिक	होमगार्ड
अनारक्षित	9000	07	05	04
अन्य पिछडा वर्ग	4860	97	242	14
अनुसूचित वर्ग	3780	02	–	04
अनुसूचितजन जाति	360	–	–	–
कुल योग–	**18000**	**106**	**247**	**22**

उपरोक्त चयन परिणाम निम्न लिखित सूचियॉ के अनुसार बोर्ड की वेबसाईट पर प्रदर्शित है:–

सूची 1– आरक्षी नागरिक पुलिस व आरक्षी पी0ए0सी0 के पदो पर कुल चयनित–41520 अभ्यर्थियों का संयुक्त सूची रजिस्ट्रेशन नम्बर के बढते हुये कम में।

सूची –2 आरक्षी नागरिक पुलिस अनारक्षित श्रेणी के अर्न्तगत चयनित 11761 अभ्यर्थियों की सूची।

सूची –3 आरक्षी नागरिक पुलिस अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी के अर्न्तगत चयनित 6350 अभ्यर्थियों की सूची।

सूची –4 आरक्षी नागरिक पुलिस अनुसूचित जाति श्रेणी के अर्न्तगत चयनित 4939 अभ्यर्थियों की सूची।

सूची –5 आरक्षी नागरिक पुलिस अनुसूचित जन–जाति श्रेणी के अर्न्तगत चयनित 470 अभ्यर्थियों की सूची।

सूची –6 आरक्षी पी0ए0सी0 अनारक्षित श्रेणी के अर्न्तगत चयनित 9000 अभ्यर्थियों की सूची।

सूची –7 आरक्षी पी0ए0सी0 अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी के अर्न्तगत चयनित 4860 अभ्यर्थियों की सूची।

सूची –8 आरक्षी पी0ए0सी0 अनुसूचित जाति श्रेणी के अर्न्तगत चयनित 3780अभ्यर्थियों की सूची।

सूची –9 आरक्षी पी0ए0सी0 अनुसूचित जन–जाति श्रेणी के अर्न्तगत चयनित 360 अभ्यर्थियों की सूची।

4– यह चयन परिणाम बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी यह चयन परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर डालकर देख सकते हैं।

5– यह चयन परिणाम सर्वसाधारण के लिये सूचित किया जा रहा है। अतः जो सूचनायें इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही हैं, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।